निबंधन एवं शर्तें

परामर्शदाता (वित्त)

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में भारत कोविड- 19 आपातकालीन प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी परियोजना में योगदान देने के लिए परामर्शदाता (वित्त) की आवश्यकता है। इस संदर्भ में, परामर्शदाता (वित्त) परियोजना संबंधी गतिविधियों के लिए **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय** के अंतर्गत एक राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रबंधन इकाई (एनपीएमयू) का हिस्सा होगा।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी),नई दिल्ली, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से विशुद्ध रूप से संविदागत आधार पर उपर्युक्त उल्लिखित पद हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन मांग रहा है।

क. परियोजना की पृष्ठभूमि और उद्देश्य

वुहान हुबई प्रांत, चीन में प्रारंभिक मामलों का पता लगने के बाद, दिसंबर 2019 के बाद से गंभीर श्वसन संबंधी सिंड्रोम कोरोनावायरस 2 (सार्स-कोव-2) वायरस के कारण कोरोना वायरस रोग 2019 (कोविड- 19) का प्रकोप पूरे विश्व में तेजी से फैल रहा है। । भारत में कोविड- 19 के मामलों की तीव्र बढ़ोत्तरी के प्रत्युत्तर में , भारत सरकार (जीओआई) द्वारा भारत कोविड -19 आपातकालीन प्रतिक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी परियोजना की शुरुआत की गई है। परियोजना का उद्देश्य कोविड- 19 द्वारा उत्पन्न खतरे को रोकना, इसका पता लगाना और इसका प्रत्युत्तर देना है और भारत में तैयारी के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत बनाना है।

ख. कार्यक्षेत्र

परामर्शदाता (वित्त) निम्नलिखित कार्यों के लिए स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय तथा इसकी तीन कार्यान्वयन एजेंसियों- राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम), राष्ट्रीय रोग नियत्रंण केंद्र (एनसीडीसी) और भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के साथ मिलकर कार्य करेगा:

दायित्व:

- राज्यों और परियोजना कार्यान्वयन अभिकरणों द्वारा एसओआ की समय पर प्रस्तुति।
- वास्ताविक व्यय तथा निधि की स्थिति दर्शाने हेतु अद्यतन लेखांकन और अभिलेख अनुरक्षण सुनश्चित करने हेतु राज्यों और परियोजना कार्यान्वयन अभिकरणों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना।
- कार्यान्वयन अभिकरणों द्वारा पब्लिक फाइनेंशियल मेनेजमेंट सिस्टम (पीएफएमएस) के कार्यान्वयन को आगे बढ़ाने हेतु सहायता और समर्थन प्रदान करना।
- विभिन्न ऋणदाताओं द्वारा निधियन/ उधारी संबंधी हेतु राष्ट्रीय स्तर की विभिन्न कार्यान्वयन एंजेंसियों द्वारा प्रस्तुत एसओई की समीक्षा करना।
- राष्ट्रीय स्तर पर समेकित एसओई तथा विभिन्न ऋणदाताओं से प्रतिपूर्ति दावों हेतु तिमाही की इंटरिम अनऑडिट फाइनेंशियल रिपोर्ट तैयार करना।
- कार्यान्वयन अभिकरणों से एसओई तैयार करना और उनका सकंलन करना और इन्हें व्यय के समीक्षा विवरणों (एसओई) के सहित स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को प्रस्तुत करना और प्रतिपूर्ति संबंधी पात्रता निर्धारित करना।
- लेखा- परीक्षा अनुपालनों सहित लेखा- परीक्षा रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत करने हेतु कार्यान्वयन अभिकरणों के साथ अनुवर्ती कार्रवाई करना।।
- तिमाही अंतरिम अपरीक्षित वित्तीय रिपोर्टें (आईयूएफआर) तैयार करना तथा राज्यों के व्यय की पृथक लेखा परीक्षा रिपोर्टों के संबंध में अनुवर्ती कार्रवाई करना तथा इन्हें स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को प्रस्तुत करना।
- संबंधित मामलों पर ऋणदाता वित्तीय प्रबंधन दल के साथ समन्वय स्थापित करना।
- निधियन साझेदारों की लेखा परीक्षा संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवाक कल्याण मंत्रालय को सहयोग प्रदान करना।
- पर्यवेक्षकों द्वारा सौपें गए अन्य कार्यकलाप/ कार्य करना।

अनिवार्य अर्हता/ अपेक्षाएं

- कामर्स में स्नातकोत्तर उपाधि / एमबीए (वित्त)/ सीए
- सरकारी लेखाकंन में कम से कम 5 वर्ष का अर्हता- पश्चात् कार्य का अनुभव जिसमें पीएफएमएस तैयार करना, उसका कार्यान्वयन करना और बाहरी अभिकरणों तथा अन्य सरकारी विभागों के साथ समन्वयन सहित बजट और वित्त संबंधी क्रियाकलापों को देखना शामिल है।

अधिमान्य अर्हता/ कौशल

- राष्ट्रीय/ राज्य स्तर पर जन स्वास्थ्य कार्यक्रम में अनुभव।
- कोविड आपात प्रतिक्रिया में संबंधित अनुभव वांछनीय है।
- डब्ल्यूबी, एडीबी आदि जैसी दाता एजेंसियों के साथ कार्य करने का अनुभव अतिरिक्त विशेषता होगी।
- कंप्यूटर का कार्यसाधक ज्ञान

रिपोर्टिंग: नोडल अधिकारी कोविड -19, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, परामर्शदाता (वित्त) का समग्र प्रभारी होगा।

आयु: 40 साल तक और व्यापक रुप से यात्रा करने के लिए तैयार ।

पद संख्या: 02

पारिश्रमिक: अधिकतम 100,000 /- रुपए प्रति माह

स्थान: दिल्ली

आवेदन करने के लिएः

अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 18-Dec-2020 तक केवल npmu.covid.01@gmail.com पर ई-मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिष्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।